LIVE TODAY

अमेरिका में छाई लखनऊ की जयनी सिंह

August 11, 2016 उत्तरप्रदेश, लखनऊ

लखनऊ। राजधानी लखनऊ की जयनी सिंह ने यूएस में अपने टैलंट का जलवा बिखेरा है। इसके लिए उन्हें वहां के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने आउटस्टैंडिंग एकेडमिक एचीवमेंट अवॉर्ड 2016 दिया गया है। जयनी राजधानी के एसएमएस मैनेजमेंट साइंस कॉलेज के डायरेक्टर भरत राज सिंह की पोती हैं। डॉ. भरत राज सिंह ने बताया कि जयनी के पिता राहुल एवं निधी यूएस के टेक्सास में बीते दस साल से रह रहे हैं।
राहुल बीटेक के बाद पेरिस और फिर शादी के बाद अपनी पत्नी निधि सिंह के साथ अमेरिका में बस गए हैं। रिफाइनरी के डिजाइन में राहुल इस समय अमेरिका में दो पेटेंट भी करा चुके हैं। राहुल की नौकरी की वजह से फिलहाल यह परिवार दो वर्ष के लिए दुबई में रह रहा है।

डॉ. भरत राज सिंह एयरो बाइक के अविष्कारक हैं व पर्यावरण पर लिखे उनके चैप्टर को अमेरिका ने पाठ्यक्रम में भी शामिल किया है। उन्हें दो बार लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड अवार्ड 2014 व 2015 में प्राप्त हो चुका है।

Web link:
https://livetoday.online/%E0%A4%85%E0%A4%AE%E0%A5%87%E0%A4%B0%E0%A4%BF%E0%A4%95%E0%A4%BE-%E0%A4%AE%E0%A5%87%E0%A4%82-%E0%A4%9B%E0%A4%BE%E0%A4%88-%E0%A4%B2%E0%A4%96%E0%A4%A8%E0%A4%8A-%E0%A4%95%E0%A5%80-%E0%A4%9C%E0%A4%AF/57090

Facebook Twitter WhatsApp Google + Email Print Share